प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

## राज्यपाल

राज्यपाल शिप्रताप शुक्ल ने कहा है कि भारतीय जीवन दर्शन नर सेवा को ही नारायण सेवा कहा गया है। कांगड़ा जिले के धर्मशाला में टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट के स्थापना दिवस के उपलक्ष पर आयोजित वार्षिक समारोह संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। राज्यपाल ने कहा कि इस ट्रस्ट के संस्थापक भिक्षु जामयांग ने अपनी टीम के साथ झुग्गी झौंपड़ी के बच्चों और उनके उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित करके संपूर्ण समाज को एक नई प्रेरणा दी है।

## आदेश

प्रदेश उच्च न्यायालय ने एचपीटीडीसी के घाटे में चल रहे 18 होटलों को तुरंत प्रभाव से बंद करने के आदेश जारी किए हैं। न्यायालय ने ये आदेश पर्यटन निगम से सेवानिवृत कर्मचारियों को वित्तीय लाभ न देने के मामले पर सुनवाई के बाद दिए। न्यायालय ने पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक को इन आदेशों के क्रियान्वयन के लिए अनुपालना शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है।

## जगत नेगी

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि एचपीएमसी द्वारा इस वर्ष ऑनलाईन एमआईएस पोर्टल के माध्यम से लगभग 25 हजार मीट्रिक टन सेब खरीदा गया है। शिमला में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें से अधिकांश को संसाधित करके लगभग 2 हजार मीट्रिक टन सेब का जूस तैयार किया गया है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि एमआईएस सेब की नीलामी न करवा कर एचपीएमसी ने न केवल यह सुनिश्चित किया कि ग्रेड–सी सेब खुले बाजार में न आए बल्कि परवाणु में एमआईएस सेब की नीलामी के कारण होने वाले पर्यावरण प्रदुषण को भी रोका है।

## बैठक

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर वोकेशनल शिक्षकों से जुड़ी मांगों पर विभागीय अधिकारियों के साथ आज एक बैठक करेंगे। राज्य सचिवालय में होने वाली इस बैठक में वोकेशनल शिक्षक संघ के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है।

## बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल को निराशाजनक बताया है। एक बयान में उन्होंने प्रदेश सरकार पर राज्य की आर्थिकी को कमजोर करने का आरोप भी लगाया है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद वर्तमान सरकार द्वारा 15 सौ संस्थान बंद करने जैसे जनविरोधी निर्णयों के कारण जनता को परेशनियों से गुज़रना पड़ रहा है।

## ई.एस.आई.सी

केंद्र सरकार ने कहा है कि इस वर्ष सितंबर में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत 20 लाख 58 हजार नए कर्मचारियों को पंजीकृत किया गया है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम–ई.एस.आई.सी के आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में इस योजना से नौ प्रतिशत अधिक

कर्मचारी जुडे हैं। कुल कर्मचारियों में से लगभग 49 प्रतिशत कर्मचारी 25 वर्ष की आयु वर्ग के हैं। श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ई.एस.आई योजना की सामाजिक सुरक्षा दायरे में लगभग 23 हजार 43 नए संस्थान लाए गए हैं।

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

समाचार पत्रों ने आज अलग–अलग खबरों को महत्व दिया है।

अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–**हिमाचल भवन अटैच करने के निर्णय के खिलाफ कानूनी उपाय सुनिश्चित करेंगे।** जबकि इसी खबर पर दैनिक सवेरा टाइम्स का शीर्षक–**हिमाचल भवन को अटैच करने के मुद्दे पर सरकार ने दायर की अपील।** पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री के बयान को सुर्खी दी है–**64 करोड़ देना सरकार के लिए बड़ी बात नहीं है, हम कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।**

अमर उजाला की एक अन्य खबर है–**बिजली उपभोक्ताओं को देना होगा पर्यावरण दूध उपकर, विधेयक को राज्यपाल की मंजूरी।**

दिव्य हिमाचल की एक खबर है–**पीडब्ल्यूडी की हर टेंडर कॉस्ट का होगा ऑडिट।** **अवैध खनन संबंधी** खबर पर दिव्य हिमाचल और दैनिक जागरण लगभग एक जैसी सुर्खी है–**ब्यास और यमुना नदी में अवैध खनन पर दो आरोपी गिरफ्तार।**

दैनिक भास्कर के अनुसार–**हिमाचल में पहली बार बनेगा जिलों का डवलपमेंट प्लान 7 करोड़ रूपए होंगे खर्च।**

हिमाचल दस्तक ने **एचपीटीडीसी के 18 होटल तुरंत प्रभाव से बंद करने के प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश संबंधी खबर को प्रमुखता दी है।**

मौसम पर आपका फैसला लिखता है–**हिमाचल में ठंड बढ़ी ताबो का न्यूनतम पारा माइनस 9.4 डिग्री।**

..................